बी0एस–सी0 प्रथम सेमेस्टर सत्र 2020–21 में प्रवेश हेतु

आवश्यक सूचना

दिनांकः 13.10.2020

बी0एस–सी0 प्रथम सेमेस्टर वर्ष 2020–21 के लिए आवेदन करने वाले छात्र/छात्राओं की प्रथम वरीयता सूची निम्नानुसार घोषित की जाती है। इस प्रथम सूची के सभी छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 14.10.2020 से 20.10.2020 तक ऑनलाइन प्रक्रिया (online mode) से फीस जमा कर अपना प्रवेश सुनिश्चित कर लें। प्रथम सूची के छात्र/छात्राओं की शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि 20.10.2020 है। जो छात्र/छात्रा उक्त तिथि तक शुल्क जमा नहीं कर पायेगें, तो यह समझा जायेगा कि वे प्रवेश लेने के इच्छुक नहीं हैं और तब उनके स्थान पर प्रवेश हेतु द्वितीय वरीयता सूची के आधार पर प्रवेश दिये जायेंगे व द्वितीय वरीयता सूची दिनांक 21.10.2020 को जारी की जायेगी। **छात्र–छात्रा अपनी यूजर आई.डी. द्वारा अपना प्रवेश शुल्क जमा कर सकता है।**

सभी छात्र/छात्राओं को यह भी अवगत कराना है कि प्रवेश नितान्त अस्थाई (Provisional) रूप से होगा। हाई स्कूल एवं इण्टरमीडिएट की अंकतालिकाओं एवं आरक्षण प्रमाण पत्र (SC/ST/OBC/EWS) यदि लागू हो, तो उसकी छाया प्रतियों को प्रमाणित करने के बाद एवं स्थानान्तरण प्रमाण पत्र (टी0सी0), चरित्र प्रमाण पत्र (सी0सी0) एवं माइग्रेशन प्रमाण पत्र की मूलप्रतियां संकायाध्यक्ष कार्यालय में जमा करने के पश्चात ही प्रवेश स्थाई किया जा सकेगा, जो कि परिसर खुलने पर जमा किया जा सकता है।

कृपया सभी छात्र/छात्रायें ऑनलाइन भरे गये प्रवेश आवेदन पत्र को डाउनलोड कर उसकी हार्ड कॉपी अपने पास रख दें, ताकि उसके साथ टी0सी0, सी0सी0, माइग्रेशन मूल रूप से एवं अन्य प्रमाण पत्रों की छाया प्रतियां जमा की जा सकें।

किसी भी छात्र/छात्रा द्वारा अंकित जानकारी किसी भी स्तर पर असत्य पाये जाने की स्थिति में प्रवेश स्वतः निरस्त माना जायेगा।

संयोजक
बी0एस–सी0 प्रथम सेमेस्टर,
प्रवेश समिति 2020–21,
बिड़ला परिसर श्रीनगर